## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री से सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के डायरेक्टर जनरल ए.पी. महेश्वरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू , पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी उपस्थित थे।

### सीएम आज बिलासपुर-बेमेतरा जिले के दौरे पर

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 21 जनवरी को बिलासपुर और बेमेतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्र म के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे और पंडित सुन्दर लाल शर्मा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 5 बजे रायपुर आएंगे और यहां से हेलीकॉप्टर द्वारा बेमेतरा जिले के देऊरगांव साजा जाएंगे और वहां महामाया मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री देऊरगांव साजा से शाम 6.30 बजे कार द्वारा मुख्यमंत्री निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सूने मकान से नगदी, गहनें सहित 40 हजार के सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के पण्डरी तराई मोवा इलाके में दिनदहाड़े एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने नगदी व सोने के गहनें सहित लगभग 40 हजार रूपये के सामान चोरी कर ले गये। घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया श्रीमती शीला धुरंधर ने मोवा थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि 20 जनवरी को अपरान्ह लगभग 3.30 बजे अज्ञात चोर प्रार्थियां के सूने मकान के दरवाजे की कुंडी खोलकर घर के अंदर प्रवेश करते हुए बिस्तर पर रखे प्रार्थियां के पर्स से नगदी चार हजार रूपये के अलावा सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, वीवो कंपनी का एक मोबाईल फोन चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### सरस्वती पूजा का आयोजन वसंत पंचमी पर होगा 30 को

» स्कूल-कालेजों में चल रही तैयारियां जोर-शोर से

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ शुक्ल पक्ष पंचमी के अवसर पर मां वीणा वादिनी सरस्वती माता का अवतरण दिवस वसंत पंचमी का पर्व 30 जनवरी को जोर-शोर से मनाया जाएगा। महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की विधि-विधान से वसंत पंचमी के दिन पूजा की जाएगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन के लिए अंडे के वृक्ष की डगाल भी विभिन्न चौक-चौराहों पर होलिका दहन समितियों द्वारा गाड़ी जाती है। वहीं पश्चिम बंगाल एवं असम में वसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न समूहों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गायन, वादन आदि का कार्यक्रम प्रमुख रूप से किया जाता है। प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में वसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न संगीत समितियों द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य का कार्यक्रम मां वीणा वादिनी पर केन्द्रित प्रस्तुत किया जाता है। माता सरस्वती को संगीत की देवी भी कहा जाता है।

### अबुझमाड़ हाफ मैराथन रन फॉर पीस 8 फरवरी को

» पहला पुरस्कार 1.21 लाख रुपए

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के नारायणपुर जिले में 8 फरवरी को अबुझमाड पीस हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मैराथन आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है । यह 21 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से जिला मुख्यालय नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान से किया जाएगा। अबुझमाड़ रन फ ॉर पीस का आयोजन क्षेत्र में खेल सम्भावना को मंच देने के साथ-साथ क्षेत्र के प्रति नक्सल गतिविधियों के कारण लोगों के मन में बने खौफ को भी हटाने का प्रयास है । इस हाफ मैराथन का यह दूसरा वर्ष है गत वर्ष इसका सफल आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिये थे। इस प्रतियोगिता के विजेता केन्या देश के धावक रहे थे। इस वर्ष भी 4 हजार से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करवाया है। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार एक लाख एक्कीस हजार, द्वितीय 61 हजार, तृतीय 31 हजार, चतुर्थ 21 हजार, पंचम 11 हजार रुपए राशि रखी गई है।

# स्थानीय किस्मों के बीजों को सहेजने आरंभ हुआ बलरामपुर में बिहन (बीज) बैंक

» महिला समूहों द्वारा चलाया जा रहा है बिहन बैंक






रायपुर। बलरामपुर जिले के कृषकों को समय पर बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहन(बीज) बैंक की स्थापना की गई है। जहां कर्ज के रूप में देशी किस्मों के बीज किसानों को दिया जाता है जिसके एवज में कोई शुल्क नहीं लिया जाता, बल्कि फसल उत्पाद के बाद किसानों को डेढ़गुना बीज वापस करना होता है। बहुत ही अल्प समय में यह बैंक किसानों के बीच में अपनी अलग पहचान बना लिया है।

कृषकों में जलवायु परिवर्तन के कारण समय के साथ परम्परागत खेती में बदलाव देखा जा रहा था। कृषक वर्तमान में नये बीजों का प्रयोग बड़े पैमाने पर करनें लगे हैं, जिसमें बरसों से चली आ रही स्थानीय किस्मों के बीज विलुप्त होने के कगार पर हैं। खेतों में उर्वरता और फसलों में विविधता तथा स्थानीय किस्मों के बीजों को संरक्षण करने हेतु कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने जिले में बिहन बैंक स्थापना पर जोर दिया। कृषि परम्परागत को सहेज कर संस्थागत रूप दिये जाने की मंशा से ही बिहन बैंक की स्थापना कर विभिन्न देशी किस्मों के बीजों को संग्रहित किया जा रहा है। बिहन बैंक से किसानों को ऐसे बीज प्रदान किये जा रहे हैं जो कभी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की पहचान हुआ करते थे, लेकिन हाईब्रिड खेती के इस दौर में किसान उन फसलों का नाम तक भूलते चले जा रहे थे।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में विलुप्त होती जा रही स्थानीय देशी बीजों का संग्रहण करने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में शुरू किया गया तथा बिहन बैंक की स्थापना की गई।

बिहन बैंक का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। कृषकों के मध्य बिहन बैंक का प्रचार-प्रसार बहुत ही तेजी से किया जा रहा है।

विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पंचायत बरियों में संचालित बिहन बैंक में विभिन्न प्रकार की अनाज फसलें जैसे धान में करहनी, छिन्दमोरी, कालजीरा, गोड़ा, अमन तथा लघु धान्य फसलें जैसे-कोदो, कुटकी, रागी, मडुवा आदि अन्य दलहनी एवं तिलहनी फसलें जैसे-अरहर, चैती अरहर, माघी अरहर, लोटनी (तोरिया), बेदाम (मुंगफली), खेसारी, कुल्थी, मसरी, बूट (चना), सरसों (लाल, पीला, छोटी, बड़ी, काला, सफेद) आदि। साग सब्जियों में भी संरक्षित किया गया है, जैसे-लउवा, भूरा कोहड़ा, झिन्गी, तोरई, सेमी, बोदी, मिर्च, टमाटर, लाल साग, मुनगा, धन मिचाई आदि। ग्राम बरियों में संचालित बिहन बैंक अल्प समय में ही आसपास के कई गांवों के किसानों के लिए लाभकारी साबित होने लगा है।

# पति-पत्नी को जिंदा जलाया, दम घुटने से डेढ़ साल के मासूम की मौत

» कोतवाली थाना क्षेत्र के तालपुरी परिजात रेसिडेंशी की घटना



भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में एक दिल दहला देने वाली घटना घटना को अंजाम दिया गया है। शहर के पारिजात इंटरनेशनल कॉलोनी में एक पति और पत्नी को जिंदा जला दिया गया है। वहीं दम घुटने से उनके डेढ़ साल के मासूम बच्चे की भी मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पति और पत्नी के हाथ पैर बंधे मिले है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

**भिलाई के कोतवाली थाना क्षेत्र की ये पूरी घटना है।**

हाथ-पैर बांध जिंदा जलाया

मिली जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है. कहा जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों ने पहले पति-पत्नी के हाथ और पैर रस्सी से बांध दिए. ताकी वो दोनों किसी तरह का शोर न कर सकें दंपति के मुंह को भी कपड़े से बांध दिया गया. फिर उन दोनों को बेरहमी से जिंदा जला दिया है।

**दम घुटने से बच्चे की भी मौत**

कहा जा रहा है कि वारदात के दौरान दंपति के साथ उनका एक साल का मासूम बच्चा भी था. आग की वजह से कमरे में धुंआ फैल गया. आग और धुंए की वजह से बच्चे का दम घुट गया और उसकी भी मौत हो गई।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

मंगलवार सुबह आस-पास के लोगों को घटना की जानकारी मिली. इसके बाद फौरन पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

## छग दौरे पर पहुंचे वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार विजय कुमार एवं सीआरपीएफ डीजी माहेश्वरी



रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार और सीआरपीएफ डीजी डॉ. एपी माहेश्वरी मंगलवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे।

वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार आज नया रायपुर में पुलिस, फोर्स और गृह विभाग के अफसरों के साथ बैठक करेंगे। नया रायपुर के सीआरपीएफ मुख्यलाय में बैठक होगी। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद बस्तर जाएंगे, जिसके बाद जगदलपुर के लिए रवाना होंगे जहां जवानों से सीधी बातचीत करेंगे। नक्सलवाद के खिलाफ संयुक्त स्तर पर बड़े ऑपरेशन की तैयारी की रणनीति बनाई जाएगी।

आज ही देर शाम रायपुर आकर दिल्ली रवाना होंगे। वहीं सीआरपीएफ के नवनियुक्त डीजी मिस्टर एपी माहेश्वरी बीजापुर समेत बस्तर के कैंपो का दौरा कर जवानों से मुलाकात करेंगे। 22 जनवरी को वे रायपुर आकर देर शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## किरंदुल 11 सी डाउन हिल के कनवेयर बेल्ट में लगी भीषण आग

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के एनएमडीसी लौह अयस्क खदान में किरंदुल के 11सी के डाउन हिल में मंगलवार की दोपहर में आग लगी है। आग लगने से कन्वेयर बेल्ट जल रहा है। घटना के बाद से सीआईएसएफ के जवान और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है और आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। आग इतनी भीषण है कि उसके धुएं के गुबार को दूर से ही देखा जा सकता है। एनएमडीसी के किरंदुल के लौह अयस्क खदान में आगजनी से कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का मौहल हो गया। अब तक किसी प्रकार के जनहानी की जानकारी नहीं मिली है। आग लगने की वजह कन्वेयर बेल्ट का रोटर जाम होना माना जा रहा है। आग से करीब 90 मीटर कन्वेयर बेल्ट जलकर खाक हो गया है। ज्ञात हो कि लौह अयस्क खदान क्षेत्र धुर नक्सल प्रभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के साथ ही सुरक्षा बल के अन्य जवान भी वहां मौजूद हैं।

# गणतंत्र दिवस गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर तैयार हो रही झांकियां



रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। इस बार गणतंत्र दिवस में राज्यपाल यहां ध्वजारोहण करेंगी और परेड की सलामी लेंगी। परेड में इस बार 22 प्लाटून शामिल होने वाले हैं। परेड को महिला आईपीएस अफसर लीड करेंगी।

राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में इन दिनों गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गणतंत्र दिवस का मुख्य आकर्षण आकर्षक मार्चपास्ट रहेगा, इसके अलावा विभिन्न विभागों की झांकियां दर्शकों को आकर्षित करेंगी। सूत्रों ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस में होने वाले आकर्षक मार्चपास्ट को महिला आईपीएस अफसर लीड करेंगी। इनके नेतृत्व में रोजाना यहां परेड का अभ्यास चल रहा है। परेड में कुल 22 प्लाटून शामिल होंगे। इसके अलावा स्काउट, गाइड, एनसीसी आदि विंग के द्वारा भी मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों की झांकियां भी दर्शकों को आकर्षित करेंगी। राज्य की कांग्रेस सरकार की थीम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को केन्द्र बिंदु मानते हुए विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग के विकासकार्यों की झांकियां तैयार की जा रही है। आरआई कार्यालय के बगल में तथा पुराने उद्यान की ओर झांकियों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। झांकियों में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर झांकियां तैयार की जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़ के विकासजनक कार्यों की झांकियों के अलावा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक मढ़ई-मेला, हाट-बाजार, पर्यटन केन्द्र, पर्यटन स्थलों की झांकियां तैयार हो रही है।

## बंद ऑफिस के दराज से एक लाख 18 हजार रूपये पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के गंज थाना क्षेत्र में बंद ऑफिस से अज्ञात आरोपी ने 01 लाख 18 हजार 08 सौ रूपये पार कर दिए। घटना की रिपोर्ट ऑफिस के मालिक जिम्मी पटेल निवासी फाफाडीह ने थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि 18 से 20 जनवरी को रात 20.45 बजे के दरम्यान रियल मार्केटिंग शॉप पार्टीदान भवन के पीछे फाफाडीह में स्थित उसका ऑफिस बंद पड़ा था। इस दौरान अज्ञात आरोपी ने ऑफिस में लगे एल्यिमिनियम सीट तोड़कर ऑफिस में प्रवेश कर टेबल के दराज में रखे 01 लाख 18 हजार 800 रूपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

## छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था दृष्टि से सरकार पूरी तरह अफसल-रमन सिंह

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की दृष्टि से सरकार पूरी तरह असफल रही है, प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर सहित कई जिले अपराध के गढ़ बनता जा रहे है। डा. सिंह आज एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हर जगह कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। रायपुर से अगवा किए गए व्यापारी प्रवीण सोमानी का आज तक कोई सुराग पुलिस नहीं जुटा पाई है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदेश में पुलिस का दुरुपयोग राजनीतिक कारणों, किसानों के यहां धान पकड़ने और छापेमारी के लिए करना गलत है।

# प्रदेश में अब तक 23 लाख मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग



रायपुर (आरएनएस)। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में प्रदेश के किसानों से अब तक 49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इनमें से अब तक 23 लाख तीन हजार 313 मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग किया जा चुका है। पंजीकृत मिलरों को उपार्जन केन्द्रों से धान उठाने के लिए 26 लाख सात हजार 476 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी कर दिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के बस्तर जिले में 24 हजार 979 मीट्रिक टन धान का कस्टम मिलिंग किया गया है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 342 मीट्रिक टन धान, दंतेवाडा जिले में 712 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में 65 हजार 421 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में 23 हजार 962 मीट्रिक टन, नारायणपुर में एक हजार 626 मीट्रिक टन, सुकमा में तीन हजार 586 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में एक लाख 82 हजार 974 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा में दो लाख 33 हजार 827 मीट्रिक टन, कोरबा में 32 हजार 834 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 64 हजार 551 मीट्रिक टन, रायगढ़ जिले में एक लाख 86 हजार 865 मीट्रिक टन, बालोद में 97 हजार 512 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 71 हजार 201 मीट्रिक टन और दुर्ग जिले में एक लाख 54 हजार 197 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों द्वारा किया गया है।

# बांस शिल्प आर्थिक स्वावलंबन का बना आधार



रायपुर। बांस शिल्प प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर शिल्पियों के लिए आर्थिक स्वावलंबन का आधार बना हुआ है। जिले के स्थानीय ग्रामीण और यहां की जनजाति के लोग बांस शिल्प के महत्व को समझते परखते हैं। यहां के लोग बांस का काम प्रमुखता से कर अनेक उपयोगी मनमोहक और आकर्षक सामग्रियों का निर्माण करते हैं। बांस शिल्प के प्रति स्थानीय लोगों की रूचि के कारण नारायणपुर में बांस शिल्प प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई। इस प्रशिक्षण केंद्र में स्थानीय निवासियों को बांस शिल्प के साथ-साथ बेल मेटल और काष्ठ कला का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। बांस शिल्प सामान्य सुविधा केंद्र का प्रमुख उद्देश्य यहां के जनजातीय परिवार जो परंपरागत रूप से शिल्प कार्य में संलग्न रहते हैं उनको निरंतर रोजगार प्रशिक्षण आदि के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2019-20 में 20-20 हितग्राहियों को बांस शिल्प में उन्नत प्रशिक्षण दिया गया जिससे उनके कला कौशल में गुणात्मक सुधार होने के साथ-साथ ही स्थानीय स्तर पर मांग अनुसार अपना स्वयं रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में बांस शिल्प परिषद अंतर्गत निरंतर 23 शिल्पी परिवार बांस के विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का निर्माण कर रोजगार में संलग्न हैं उनके द्वारा बनाए जाने वाले शिल्पों में मुख्य रूप से सोफा सेट, टेबल, कुर्सी, स्टील मोड़ा, पलंग सेट एवं सजावटी व विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामान प्रमुख हैं।

## चाकू की नोक पर लूट की घटना करने वाले दो गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। बाइक सवार 21 वर्षीय युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी दीपक मरकाम व हेमन्त वर्मा को धर दबोचा है। पीड़ित नरेंद्र गोस्वामी ने चकरभाठा थाने में मोबाइल व 5 हजार रुपए की नगद लूट होने की रिपोर्ट लिखाई थी। आरोपितों से पुलिस ने लूट की गई मोबाइल व 3 हजार रुपए बरामद कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU